दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in

padmavatmedia@gmail.com





Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

BCI
BUSINESS CIRCLE INDIA




## खबर संक्षेप

### एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के रिक्त सीटों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 24 फरवरी कर दी गई है। ईएमआरएस समिति के सदस्य सचिव ओपी जैन ने बताया कि संशोधित तिथियों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 24 फरवरी होगी तथा 4 मार्च को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा अब 9 मार्च को प्रातः 11ः00 बजे आयोजित होगी तथा 21 मार्च को प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रवेश हेतु समस्त प्रक्रिया पूर्व में जारी आदेशानुसार ही होगी। इच्छुक अभ्यर्थी एवं उनके परिजन विभागीय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट टीएडी डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर आवेदन कर सकते है।

### परीक्षा तिथि से 60 दिवस पूर्व 7 दिन के लिए खोला जाएगा ऑनलाईन एडिट का विकल्प

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए विज्ञापनों जिनमें प्रथम घोषित परीक्षा तिथि से 60 दिवस पूर्व 7 दिन के लिए ऑनलाईन एडिट हेतु विकल्प खोला जाना है (प्राध्यापक माध्यमिक शिक्षा भर्ती परीक्षा-2024, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2024 एवं अन्य) उनमें दिव्यांगता की तृतीय उपश्रेणी एलडी/सीपी एंड अदर्स में स्पाइनल डिफॉर्मिटी (एसडी) एंड स्पाइनल इंजरी (एसआई) विदआउट ऐनी एसोसिएटेड न्यूरोलॉजिकल/ लिंब डिस्फंक्शन का विकल्प संशोधन हेतु दिया जायेगा। आयोग सचिव ने बताया कि जो भी अभ्यर्थी एलडी/ सीपी एंड अदर्स की उक्त श्रेणी के अंतर्गत आता है, वह संबंधित पद की प्रथम घोषित परीक्षा तिथि से 60 दिवस पूर्व 07 दिन के लिए ऑनलाईन एडिट हेतु खोले गए विकल्प में आवश्यक संशोधन कर अपना वर्ग परिवर्तन कर लेवें।

### फिलॉसफी के साक्षात्कार स्थगित, राजनीति विज्ञान चतुर्थ चरण के साक्षात्कार कार्यक्रम में संशोधन

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 3 मार्च 2025 एवं 4 मार्च 2025 को आयोजित किये जाने वाले सहायक आचार्य- फिलॉसफी (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित किये जाते हैं। उक्त साक्षात्कार की नवीन तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। साथ ही सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के पदों हेतु चतुर्थ चरण के साक्षात्कार अब दिनांक 10 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक आयोजित किये जायेंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

### राज्यपाल बागड़े 22 को उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे की शनिवार 22 फरवरी को उदयपुर की यात्रा पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल शनिवार सुबह 8:05 बजे वायुयान से उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से सर्किट हाउस आएंगे और कुछ देर विश्राम पश्चात यहां से 10:05 बजे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार के लिए प्रस्थान करेंगे। वे वहां आयोजित वरिष्ठ नागरिकों की राष्टीय कांफ्रेंस में भाग लेंगे और 11.35 बजे यहां से डबोक एयरपोर्ट पहुंचकर मध्याह्न 12:20 बजे राजकीय विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री बघेल 21 को उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल शुक्रवार 21 फरवरी की सुबह 9:25 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे यहां विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत कर इसी दिन रात्रि 8 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर अवधेश मीना ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुंधाश पंत ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये। राज्य सरकार द्वारा इसकी निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि आने वाले प्रकरणों की जांच एवं उनके निस्तारण में कोई कमी न बरती जाए। आमजन की समस्याओं का निस्तारण कम एवं निर्धारित समय में होना चाहिए, साथ ही जिन प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके उनका निपटारा कर परिवादी को राहत पहुंचाने का कार्य करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत एवं उपखण्ड स्तरीय स्तर की जनसुनवाई के प्रकरण जिला स्तरीय जनसुनवाई में न आएं। साथ ही सभी




अधिकारी आमजन से मुलाकात के लिए अपने-अपने विभागों में सहज रूप से उपलब्ध रहें और परिवादी की समस्याओं की गहराई में जाकर जांच एवं कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवादी को उसकी समस्याओं के संबंध में सकारात्मक एवं संतोषजनक उत्तर देना सुनिश्चित करे। इस दौरान जिला कलक्टर अवधेश मीना ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक परिवादी की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविर में अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण द्वारा कार्य स्वीकृत करने, सीसी रोड, हैंड पंप दुरुस्त करवाने, नाली निर्माण, अतिक्रमण हटवाने, नल कनेक्शन,अतिक्रमण हटवाने, सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण करवाने, सहित विभिन्न प्रकार के 19 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करवाते हुए अन्य शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, गणपत लाल खटीक आयुक्त नगर परिषद,रवि प्रकाश लाम्बा कोषाधिकारी, कपिल जाजड़िया डीएसओ, महेंद्र कुमार जैन आरपीसीडीईओ, वेद प्रकाश टीएडी विभाग, डॉ हरिकेश मीणा पशुपालन विभाग, डॉ महेंद्र परमार सीएमएचओ, पुष्पक मीणा पीआरओ, हेमंत खटीक सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग, पुरुषोत्तम भट्ट उद्यानिकी विभाग, डॉ जितेन्द्र जोशी आयुर्वेद विभाग उपस्थित रहे एवं समस्त उपखण्डों के उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

## बजट 2025-26 उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम - राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गांधी



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उपभोक्ता सुरक्षा संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजश्री गांधी ने रज्य बजट 2025-26 पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण बजट करार दिया। डॉ. गांधी ने विशेष रूप से उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने, डिजिटल लेन-देन में सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, और नकली एवं मिलावटी उत्पादों के खिलाफ सख्त नियम लागू करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट उपभोक्ताओं को जागरूक और सुरक्षित बनाने के साथ-साथ उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त भी बनाएगा।

### उन्होंने कहा

सरकार द्वारा उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए किए गए ये प्रयास न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे बल्कि उपभोक्ता अधिकारों को लेकर जागरूकता भी पैदा करेंगे। डिजिटल लेन-देन में सुरक्षित वातावरण, उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कठोर नियम, और मिलावटी वस्तुओं पर नियंत्रण जैसे कदम उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत करेंगे। यह बजट उपभोक्ताओं के लिए एक नई क्रांति का संकेत है।उन्होंने आगे कहा कि उपभोक्ता सुरक्षा संगठन सरकार के इन प्रयासों का समर्थन करता है और उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा। अंत में डॉ. गांधी ने राज्य सरकार से अपील की कि उपभोक्ता अधिकारों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जमीनी स्तर पर इन सुधारों को लागू करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक

## पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करें: जिला कलेक्टर




● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने जिले में संचालित सहकारी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) से विहीन ग्राम पंचायतों में मासिक लक्ष्य तय कर पैक्स गठन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिला कलेक्टर कक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। यह समितियां ग्रामीण किसानों को उर्वरक, बीज, कीटनाशक, किराये पर कृषि यंत्र और वित्तीय सहायता प्रदान कर स्थानीय स्तर पर कृषि और सहकारिता के विकास में योगदान दे रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के पोस्टर का विमोचन

बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर अवधेश मीना को अंतर्राष्टीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर लोगों भेट किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक विकास का माध्यम ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और समृद्धि की कुंजी भी है। उन्होंने 'सहकार से समृद्धि' के संदेश को देते हुए सहकारी संस्थाओं से आपसी सहयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

### सलूम्बर जिले में थाना सलूम्बर पुलिस की कार्रवाई

## युवक और उसकी मंगेतर से लूट करने वाला गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** सलूम्बर पुलिस ने युवक और उसकी मंगेतर से लूट और नकबजनी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों का 3 बदमाशों ने रास्ता रोककर पर्स और मोबाइल छीना था। दो लुटेरों की तलाश जारी है। सलूम्बर थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया- रोहित पुत्र पूनम चंद ने मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि वह लाइट फिटिंग का काम करता है। उसकी मंगेतर रीट की तैयारी कर रही है। 29 जनवरी 2025 को वह और उसकी मंगेतर सलूम्बर से अपने गांव बाइक से जा रहे थे। धारोद गांव में हनुमान मंदिर के पास नकाबपोश 3 युवकों ने उनका रास्ता रोका। डरा-धमकाकर बोले- जो भी सामान है हमें दो। मना करने पर जबरन पर्स निकाल लिया और मंगेतर का मोबाइल छीन लिया।मंगेतर के नाक में सोने की बाली थी, वो भी उतरवा ली। पर्स में 4 हजार रुपए सहित जरूरी कागजात थे। पुलिस टीम ने आरोपी दिनेश पुत्र नंगा मीणा निवासी गींगला को गिरफ्तार किया है। बाकी फरार दो आरोपियों की भी तलाश जारी है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल समाज के आदर्शः महेंद्र डांगी

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** पटेल पाटीदार डांगी समाज के श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के युवाओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई। युवाओं ने शहर के शिवाजी पार्क स्थित शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र डांगी धताणा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल पाटीदार डांगी समाज के आदर्श हैं। शिवाजी के शासनकाल में कल्याण और न्याय पर जोर दिया गया। उन्होंने राजस्व सुधार पेश किए जिससे किसानों को लाभ हुआ और एक अनुशासित सैन्य पदानुक्रम की स्थापना हुई। उनकी धार्मिक सहिष्णुता ने सुनिश्चित किया कि विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग उनके राज्य में शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रह सकें। कवि सुनील पटेल नेजपुर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की साहस, न्याय और शासन की उनकी विरासत भारत भर में पीढ़ियों को प्रेरित



करती रहती है। इस दौरान मनपुर उपसरपंच कमलेश पाटीदार, पार्षद डायालाल पाटीदार, जितेंद्र पटेल, सुरेश पटेल दामडी, नारायण पटेल, अनिल पटेल पादरडी, कमलेश पटेल व अन्य मौजूद रहें।

### सलूम्बर जिले में थाना झल्लारा पुलिस की कार्रवाई

## सलूम्बर में टेंपो की छत पर बैठाई सवारी, गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** जिले की झल्लारा थाना पुलिस ने वाहन में ओवरलोड सवारियां लेकर परिवहन करने वाले चालक को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसका वाहन भी जब्त किया है। थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह बाघेला ने बताया कि चालक टाटा मेजिक टेम्पो में कुल 34 सवारियां बैठाकर चला रहा था।

### टेम्पो की छत पर भी बैठे थे लोग

नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की। सलूंबर की तरफ से रोड पर एक टाटा मेजिक सवारी टेम्पो जा रहा था। जिसमें क्षमता से अधिक



सवारियां थीं और टेम्पो की छत पर भी लोग ?बैठे दिखाई दिए। पुलिस ने स्पीड में आते हुए टेम्पो को रुकवाया। सवारियों की गिनती तो छत पर कुल 15 महिला और पुरुष बैठे हुए थे। वहीं, टेम्पो के अंदर ड्राइवर सहित 19 सवारियां बैठी थीं। तेज स्पीड और लापरवाह तरीके से वाहन चलाना पाया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में आरोपी चालक धुली राम पिता मांगीलाल मीणा निवासी दौलपुरा गींगला को गिरफ्तारकिया।

# गर्भवती महिला तक किलकारी योजना के बारे में जानकारी पहुंचाएं: डॉ परमार

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को घर घर पहुंचने में अहम योगदान करने वाली आशा सहयोगिनीयो को और अधिक कुशल बनने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से चिकित्सा विभाग राजस्थान द्वारा मोबाइल अकादमी कोर्स करवाया जा रहा है। इसके तहत गर्भवती एवं धात्री माता को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी मोबाइल एकेडमी पर वॉइस मैसेज के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ महेंद्र लोहार द्वारा प्रशिक्षण के दौरान किलकारी योजनाओं से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर महेंद्र परमार ने बताया कि इस योजना से प्रत्येक गर्भवती महिलाए अपने गर्भ काल से बच्चों के 1 साल तक 72 वॉइस मैसेज सुनकर लाभावित हो सकेंगे। जिला प्रोग्राम ऑफिसर किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी योगेश मेनारिया ने बताया कि किलकारी योजना यह एक डिजिटल मोबाइल स्वास्थ्य सेवा है जो गर्भवती



महिला और उनके परिवार को प्रजनन मातृत्व नवजात एवं बाल स्वास्थ्य जुड़ी जानकारी देती है। इस परियोजना से गर्भावस्था के 4 माह से बच्चों के 1 साल तक का होने तक हर सप्ताह एक वॉइस ऑडियो संदेश परिवार के मोबाइल पर आते रहते हैं ताकि मां और बच्चे की उचित देखभाल हो सके। स्टेट प्रोग्राम मैनेजर हर्षिता शर्मा ने बताया कि मोबाइल एकेडमी यह एक निशुल्क ऑडियो प्रशिक्षण कार्यक्रम है यह आशाओं को ज्ञान को बढ़ाने में सहयोग करेगा साथी संचार कौशल में सुधार के लिए इससे डिजाइन किया गया ताकि आशा और अच्छा काम कर सके तथा आशा सुपरवाइजर राजेश पोसवाल द्वारा आशा कार्य के प्रगति पर समीक्षा की गई।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में मिली आमजन को राहत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी परिसर में आयोजित की गई। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासप) दीपेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये। एडीएम ने बताया कि जनसुनवाई में 104 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से वस्तु स्थिति के बारे में जानते हुए इन प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण करने एवं परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में मुख्यतः अति मण, कब्जा, मनरेगा, पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम, और उदयपुर विकास प्राधिकरण से संबंधित परिवाद आए। जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को व्यक्ति गत रूप से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्षता के साथ संतोषजनक समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) वारसिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, गिर्वा उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी, यूडीए सचिव हेमेन्द्र नागर, ओएसडी जितेन्द्र ओझा समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुने आमजन के अभाव-अभियोग

## जनसुनवाई में समस्याओं से मिली राहत तो परिवादियों ने जताया आभार

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में हुआ जहां जिलेभर से समस्याएं लेकर परिवादी उपस्थित हुए। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को इत्मीनान से सुना गया और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला प्रभारी सचिव वीसी के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई कक्ष में उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीओ बृजेश गुप्ता सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई में जुड़े। कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की परिवेदनाओं के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करें।




उन्होंने प्रत्येक मामले में मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में पट्टा दिलवाने, अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने, भूमि विवाद, विद्युत लाइन शिफ्ट करवाने सहित कई प्रकार की शिकायतें लेकर स्थानीय जन उपस्थित हुए।

### कलक्टर ने निर्धन परिवादी से कहा, व्यवसाय करना हो तो ऋण में करेंगे सहयोग

जनसुनवाई में महू ग्राम निवासी सूराजमाल पिता मदनलाल विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने की शिकायत लेकर उपस्थित हुआ था। परिवादी की पीड़ा सुनने के बाद कलक्टर ने परिवादी की निर्धनता को देखते हुए उससे पूछा कि अभी क्या काम करते हो। उसकी पीड़ा को देखते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि अगर कोई उद्यम लगाने में इच्छुक हो तो बताएं, हम केंद या राज्य सरकार की किसी योजना के माध्यम से ऋण प्रदान करने का प्रयास करेंगे। इस पर परिवादी ने कहा कि वह विचार करके बताएगा। कलक्टर ने सहयोग हेतु जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक को निर्देश दिए। साथ ही परिवादी के घर पर नियमानुसार विद्युत कनेक्शन जारी करने के निर्देश भी विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिए। इसी प्रकार अन्य परिवादियों की समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया।

### बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन के प्रकरण चिन्हित करें

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई के पश्चात उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य बजट घोषणा 2025-26 अंतर्गत भूमि आवंटन संबंधी प्रकरण चिन्हित करके शीघ्र से शीघ्र सूचित करें ताकि समय पर घोषणाओं को पूर्ण किया जा सके।

# संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण-एडीएम दिनेश धाकड़

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 47 परिवादी पहुंचे

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई के तहत जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। आयोजित जनसुनवाई में कुल 47 परिवेदनाएं प्राप्त हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर धाकड़ ने एक- एक कर प्रत्येक परिवादी की परिवेदनाएं सुनी। जनसुनवाई में बरसाती पानी रोकने, डूगरपुर से मेताली रोडवेज बस संचालन करवाने, जमाबंदी में शुद्धीकरण करवाने, किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं होने, ऑनलाइन धोखाधडी होने, अवैध रूप से अतिक्रमण हटवाने, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में लाभ नहीं मिलने, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 2022-23 की स्कूटी नहीं मिलने, घाटी तालाब को गहरा करवाने, एनीकट का जिर्णोद्धार में गुणवता की जांच करवाने, आयुमान दुर्घटना बीमा योजना में लाभ नहीं मिलने, पेयजल के लिए पानी सप्लाई सुचारू रूप से संचालन करवाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, वृद्धावस्था पेंशन चालू करवाने सहित अन्य परिवेदनाएं प्राप्त होने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। जनसुनवाई के पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर धाकड़ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जो शिकायते प्राप्त हुई है, उनको 14 दिवस के अन्दर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करें तथा संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समय-समय पर अवलोकन नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़, उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई में शामिल हुए।

# उदयपुर के यात्रियों ने प्रयागराज महाकुंभ के संगम घाट में लगाई डूबकी



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर मेवाड़ से प्रयागराज महाकुंभ यात्रा पर गए दल ने महाकुंभ के संगम घाट पर डूबकी लगाई। यात्रा संयोजक पिंकी औदिच्य ने बताया कि 12 दिवसीय यात्रा पर सवीना से निकले जिसमें प्रयागराज के संगम घाट, वाराणसी, गंगासागर होते हुए अयोध्या पहुंचे जहां पर एक यात्री ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला मंदिर में एक किलो चांदी की ईट अयोध्या मन्दिर में भेंट की गई। सभी बस यात्रियों ने चांदी की ईट दान करने वाले दानदाता का मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा, माला पहना कर स्वागत किया गया। यात्री जगदीश औदिच्य ने बताया कि त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभनगर जरूर आना चाहिए। प्रतिनिधि दल ने महाकुंभ के दौरान विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में मिली एक और बड़ी सफलता

## 30 वर्षों के बाद एक ही मुठभेड़ में चार खूंखार नक्सली धराशायी मृत नक्सलियों पर घोषित था रुपए 62 लाख का ईनाम

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** विगत समय में अपनाई गई आक्रामक रणनीति तथा मुठभेड़ों में प्राप्त सफलताओं से उत्साहित मध्यप्रदेश पुलिस ने दिनांक 19.02.25 को एक बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के के. बी. डिवीजन (कान्हा भोरमदेव) की भोरमदेव एरिया कमेटी के 04 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्यवाही से हुये नुकसान से बौखलाए माओवादी बालाघाट के थाना गढ़ी अंतर्गत सूपखार जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें कर रहे थे। इनकी गतिविधियों के संबंध में लगातार आसूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षाबलों को सूपखार जंगल के रौंदा गढ़ीदादर कटोलदेही क्षेत्र में भेजा गया। दिनांक 19.02.2025 की दोपहर में सर्चिंग अभियान के दौरान



आशा | रंजीता उर्फ रमली अलमी | सरिता उर्फ शीला उर्फ पदम | लख्खे मरावी

2025 माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये सूझबूझ से नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई जिसमें 04 वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से 01 इंसास रायफल मय मैग्जीन, 01 एसएलआर रायफल मय मैग्जीन, एक 303 रायफल व एक 315 रायफल तथा दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री बरामद की गई। मुठभेड़ के दौरान घायल तथा घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सीआरपीएफ, हॉकफोर्स तथा जिला पुलिस द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। यह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस मुठभेड़ से लगभग 30 वर्ष पहले 1996 में बालाघाट के धीरी - मुरुम जंगल में हुई मुठभेड़ में 04 माओवादी ढेर किये गये थे।

### मृतक माओवादियों का विवरण

1. आशा, निवासी- दक्षिण बस्तर जिला सुकमा, छत्तीसगढ, धारित हथियार - इंसास रायफल
2. रंजीता उर्फ रमली अलमी, निवासी ग्राम तुमरीवाल, ब्लाक कुशम, तहसील मरदापाल जिला कोण्डागांव, छत्तीसगढ, धारित हथियार एसएलआर रायफल।
3. सरिता उर्फ शीला उर्फ पदम, निवासी ग्राम पेन्टा, थाना जगरकुंडा जिला सुकमा, छत्तीसगढ, धारित हथियार-303 रायफल
4. लख्खे मरावी, निवासी- जिला सुकमा, छत्तीसगढ, धारित हथियार - 315 रायफल,

सभी मृतक माओवादी संगठन के एमएमसी (मध्यप्रदेश- महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन के केबी (कान्हा-भोरमदेव) डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के सदस्य हैं। इनके विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त की जा रही हैं।

# पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक ने किया रंगमंच कार्यशाला का अवलोकन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय थिएटर कार्यशाला 'रंगमंच' में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ फुरकान खान एवं सह निदेशक दुर्गेश चांदवानी ने कार्यशाला के अभ्यर्थियों से मुलाकात की। फुरकान खान ने विद्यार्थियों से अपनी बातचीत में रंगमंच का उद्देश्य एवं महत्व बताया और कहा की ये सिर्फ व्यक्तित्व निर्माण ही नहीं करता, बल्कि एक नैतिक एवं सहिष्णु मनुष्य भी बनाता है। उन्होंने सांस्कृतिक केंद्र के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों से नए कलाकारों का भी निर्माण होगा। आयोजन सचिव डॉ भानुप्रिया रोहिला ने बताया की इस दौरान महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. मदन सिंह राठौड़, दृश्य कला के प्रो हेमंत द्विवेदी, कार्यकम के समनवयक डॉ शाहीद परवेज़ एवं महेंद्र सिंह पुरोहित एवं कार्यशाला के दक्ष प्रशिक्षक विशाल भट्ट एवं आसिफ खान भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की कार्यशाला के अंतिम दिन 25 फरवरी को इसका मंचन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में किया होगा। इस कार्यशाला में न सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्र बल्कि एक संकाय सदस्य ने भी भाग लिया है।

## विशेष निरोधात्मक अभियान

# प्रदेश में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट -762 केस दर्ज

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट करने के साथ 762 केस दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 66 हजार 357 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 15292, देशी मदिरा की 5461, अवैध मदिरा की 5244, बीयर की 1064 बोतल सहित 8 किलोग्राम भांग व 15 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 762 केस दर्ज करते हुए 589 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 15 दुपहिया वाहन, 2 हल्के चार पहिया वाहन एवं 2 भारी चार पहिया वाहनों सहित 19 वाहनों को सीज किया गया है।

# वार्ड 58 सीसीटीवी कैमरे का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सांसद निधि से समर्पित सीसीटीवी कैमरे का लोकार्पण समारोह वार्ड 58 में संपन्न किया गया। इस अवसर पर लोकार्पण कर्ता पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा के साथ ही वर्तमान शहर विधायक ताराचंद जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, वार्ड पार्षद डॉ शिल्पा पामेचा की उपस्थिति में संपन्न हुआ । इस अवसर पर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि आज के समय में सीसीटीवी कैमरे की बहुत उपयोगिता है, उन्होंने आने वाले समय में उदयपुर के प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में सी सी टीवी कैमरे लगाने की सहमति दी है, जिसे जल्द ही शहर में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लग जाएंगे ,जो कि संबंधित थानों से कनेक्ट रहेंगे, जिससे अपराध एवं अन्य गतिविधियों पर नजर रहेगी। इस अवसर पर वार्ड क्षेत्र के शंकर जी साहू, चंद्र किरण शाकद्वीपी, त्रिलोक मेहता,मोहन सालवी, दीपक पामेचा, दिनेश पारिख, गजेंद्र



भंडारी, महेश पोरवाल, दुर्गा शंकर सालवी, लखन परियानी, सौरभ सोनी जयंत पारिख, पार्षद मुकेश शर्मा, तारा शर्मा, संतोष मेनारिया, युवा अध्यक्ष अनिल जारौली एवं हिमांशु जैन, शैलेंद्र सिंह चौहान, अमृत मेनारिया, दिलीप भाटी, अनिल अग्रवाल, राजमल चित्तौड़ा, रूपम नलवाया, संतोष भटनागर, वर्षा, योगिता, श्रीनाथ मंदिर अधिकारी रामचंद्र जी इत्यादि उपस्थित रहे। आईटी पल्स से सुनीता तापडिया का विशेष आभार दिया गया, जिनके अथक प्रयास से स्वर्गीय देवराज मोची के घर के बाहर कैमरे लगाए गए। अंत में डॉ शिल्पा पामेचा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# कपिल पालीवाल द्वारा सनातनीय काव्य प्रस्तुति शब्दाभिषेक का आयोजन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर एवं बिजनेस सर्कल इंडिया के सौजन्य से मधुश्री ऑडिटोरियम शोभागपुरा रोड पर एक अद्वितीय काव्य प्रस्तुति शब्दाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस काव्य प्रस्तुति में कपिल पालीवाल द्वारा महाकाल शिव की आराधना के माध्यम से शब्दों का अभिषेक किया जाएगा। यह एक अनोखी प्रस्तुति होगी जो दर्शकों को एक नए आयाम में ले जाएगी।इस आयोजन के बारे में बात करते हुए बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा, हमें इस अद्वितीय काव्य प्रस्तुति का आयोजन करने का अवसर मिलने पर गर्व है। हमें उम्मीद है कि यह



प्रस्तुति दर्शकों को एक नए आयाम में ले जाएगी। मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने कहा, कपिल पालीवाल द्वारा देश के कई कोनों में की गई इस प्रस्तुति को अब उदयपुर में भी देखा जा सकेगा। यह एक अद्वितीय अनुभव होगा। इस आयोजन में उदयपुर के सभी जन को सादर आमंत्रित किया जाता है।

# नेहरू युवा केंद्र के युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन कश्मीरी युवाओं ने उदयपुर की प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव किया

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन कश्मीरी युवाओं ने उदयपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का अवलोकन किया। दिन की शुरुआत प्रसिद्ध सहेलियों की बाड़ी के भ्रमण से हुई, जहां युवाओं ने मुग़ल शैली के उद्यान, सुंदर फव्वारे और ऐतिहासिक महत्व को करीब से जाना। इसके पश्चात वे शिल्पग्राम पहुंचे, जहां उन्हें राजस्थान की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और लोकसंस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने वहां के स्थानीय कलाकारों से संवाद किया और उनके साथ राजस्थानी लोकनृत्य में भाग लिया। वहीं, कश्मीरी प्रतिभागियों ने भी अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत का प्रदर्शन कर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सजीव किया। दोपहर के भोजन के बाद युवाओं को करणी माता मंदिर ले जाया गया, जहां उन्होंने मंदिर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व




को जाना। यहां से रोपवे द्वारा पिछोला झील का मनोरम दृश्य भी देखा गया, जिससे वे अत्यंत प्रभावित हुए। इसके बाद प्रतिभागियों ने फतेह सागर झील का भ्रमण किया और वहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। उन्होंने जलक्रीड़ा गतिविधियों और झील के किनारे के वातावरण का अनुभव किया। दिन का समापन सुखाड़िया सर्कल पर हुआ, जहां युवाओं ने फव्वारे के पास नाव की सवारी का आनंद लिया और स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखा। इस कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीरी युवाओं को न केवल राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें स्थानीय समाज और जीवनशैली से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी शुभम पुर्बिया ने कहा कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आपसी समन्वय, सांस्कृतिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है।

# लायंस क्लब उदयपुर मेवाड़ गौरव द्वारा फागोत्सव मेले का पोस्टर विमोचन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लायंस क्लब उदयपुर मेवाड़ गौरव द्वारा आयोजित फागोत्सव मेले को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अमित मेहता और पूर्व प्रांतपाल अनिल नाहर उपस्थित रहे। आपको बता दें कि क्लब द्वारा 9 मार्च को फागोत्सव मेले का आयोजन किया जाएगा।क्लब अध्यक्ष रेखा रानी जैन ने जिला कलेक्टर और पूर्व प्रांतपाल का पगड़ी द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक कल्पना शर्मा ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य होली के उल्लास को बढ़ाने के साथ-साथ चैरिटी के लिए फंड एकत्रित करना है।मेले में खाने-पीने और गेम्स के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस मेले से प्राप्त धनराशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा।




क्लब द्वारा पिछले 17 वर्षों से समाजसेवा के कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें आगे भी जारी रखने के लिए यह मेला आयोजित किया जा रहा है।

जो भी व्यक्ति मेले में अपना स्टॉल लगाना चाहते हैं, वे अंजुला अग्रवाल (9314175290) से संपर्क कर सकते हैं। मेले में लकी ड्रॉ और कई फन गेम्स भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रेखा रानी जैन, अंजुला अग्रवाल, माधवी शर्मा, मुकेश माधवानी, नीता शर्मा, आलोक भटनागर, महेश शर्मा, और सी पी शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# जल सुरक्षा पर प्रमुख सिफारिशों के साथ संपन्न हुआ सम्मेलन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** दूसरा अखिल भारतीय राज्य जल मंत्रियों का सम्मेलन महत्वपूर्ण जल प्रबंधन मुद्दों पर विचार-विमर्श के साथ सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल ने कहा कि सम्मेलन केवल चुनौतियों पर चर्चा तक सीमित नहीं रहा बल्कि समाधान खोजने के सामूहिक प्रयास भी सामने आए।

### दूसरे दिन हुए तीन तकनीकी सत्र

सम्मेलन के दूसरे व अंतिम दिन तीन विषयगत सत्रों में क्रमशः जल वितरण सेवाएं: सिंचाई और अन्य उपयोग, मांग प्रबंधन और जल उपयोग दक्षता तथा एकीकृत नदी और तटीय प्रबंधन पर गहन विमर्श हुआ। इन सत्रों में देश के जल प्रशासन को बढ़ाने और टिकाऊ जल संसाधन प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सिफारिशें सामने आईं। इसके अलावा सम्मेलन ने दबावयुक्त सिंचाई नेटवर्क (पिन) और भूमिगत पाइप लाइन (यूजीपीएल) की पहुंच बढ़ाने की सिफारिश की। सम्मेलन में सभी क्षेत्रों में जल उपयोग दक्षता (डब्ल्यूयूई) को बढ़ावा देने के लिए जल उपयोग दक्षता ब्यूरो का भी प्रस्ताव रखा गया। जल तनाव को कम करने के लिए समग्र मांग प्रबंधन, जल-कुशल फसल पैटर्न अपनाने और कृषि में टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं के लिए अत्याधुनिक तकनीक को लागू करने पर भी जोर दिया गया।

### हर खेत को पानी मिशन पर दिया जोर

सम्मेलन के अंतिम दिन रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से 'हर खेत को पानी' मिशन को के उद्देश्य को प्राप्त करने पर जोर दिया गया। इस उद्देश्य के लिए, वाष्पोत्सर्जन (ईटी) आधारित सिंचाई प्रदर्शन मूल्यांकन को अपनाने और सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से खेत की दक्षता में सुधार करने की सिफारिश की गई। कमांड एरिया डेवलपमेंट में तेजी लाने, सतही जल, भूजल और उपचारित जल के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने का भी सुझाव दिया गया। सम्मेलन ने सभी क्षेत्रों में जल उपयोग के वॉल्यूमेट्रिक माप को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई। अपशिष्ट जल उपचार, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग, ई-प्रवाह, बाढ़ के मैदानों का क्षेत्रीकरण, नदी तट विकास और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से नदी का कायाकल्प करने का भी सुझाव दिया गया। तटीय निगरानी नेटवर्क का विस्तार, नदी और तटीय क्षेत्रों में पारिस्थितिक बहाली और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना, नदी के प्रवाह को बढ़ाने के लिए झरनों और अन्य प्राकृतिक स्रोतों का कायाकल्प करना और आत्मनिर्भर आर्थिक मॉडल के रूप में परिपत्र अर्थव्यवस्था और जल पर्यटन को बढ़ावा देना भी सुझाया गया। इन सिफारिशों का उद्देश्य भारत के जल प्रबंधन और संरक्षण प्रयासों को मजबूत करना है, ताकि देश के लिए एक टिकाऊ और सुरक्षित जल भविष्य सुनिश्चित हो सके। सम्मेलन ने जल जीवन मिशन को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें ग्राम जल और स्वच्छता समितियों के माध्यम से समुदाय के नेतृत्व वाले संचालन और रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया।

चर्चाओं में । डद्वज् योजना के माध्यम से शहरी जल सुरक्षा प्राप्त करने और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत ग्रे वाटर मैनेजमेंट को एकीकृत करने के उपायों की भी खोज की गई। चर्चाओं में राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन, जमीनी स्तर पर भागीदारी शासन तथा मांग और उपलब्धता को अनुकूलित करने के लिए जल बजट की आवश्यकता पर जोर दिया गया। दक्षता और स्थिरता में सुधार के लिए डेटा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त समुदाय-संचालित जल संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल को बढ़ाने के लिए जोरदार प्रयास किया गया।

# झालावाड़ जिले में गंगधार पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 8.18 लाख रुपये की अफीम सहित एक आरोपी गिरफ्तार




● पदमावत मीडिया

**झालावाड़ ।** जिले को थाना गंगधार पुलिस द्वारा बुधवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान आरोपी गोकुलदास बैरागी पुत्र प्रभुदास (38) निवासी रावतपुरा थाना गंगधार को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो 637 ग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की कीमत 8.18 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी अफीम पंजाब सप्लाई करने जा रहा था। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीना के निर्देशन व वृत्ताधिकारी जयप्रकाश अटल के सुपरविजन में थानाधिकारी गंगधार अमरनाथ जोगी व उनकी पुलिस टीम द्वारा बुधवार को गश्त के दौरान सन्दिग्ध गोकुल दास बैरागी को चौमहला से रावतपुरा गिट्टी केशर के पास डिटेन किया गया।आरोपी के पास मिले पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर बैग में तीन पैकिट मिले। तीनों पैकिटों में अफीम होना पाया गया। तीनों पैकिटों का कुल वजन 1 किलो 637 ग्राम था। अफीम जब्त कर मुलजिम गोकुलदास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त अफीम बबलू प्रजापत निवासी बिशनिया थाना गंगधार से प्राप्त कर अबोहर पंजाब में देने जाना बताया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के बारे में अनुसंधान अनुसंधान किया जा रहा है। जिसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जावेगा।

## खबर संक्षेप

### बस और स्कॉर्पियो की टक्कर से दो लोगों की मौत, तीन की हालत गंभीर

● पदमावत मीडिया

**मिर्जापुर।** हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर विंध्याचल थाने की पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, तीन लोगों को वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास गुरुवार को दोपहर प्रयागराज की ओर से आ रही परिवहन निगम की बस से प्रयागराज जा रही स्कार्पियो की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर लाया गया। जहां दो की मौत हो गई। तीन को वाराणसी रेफर कर दिया गया।

### लड़कियों को देखकर गा रहा था अश्लील गाना, मामला दर्ज

● पदमावत मीडिया

**गोरखपुर।** जौनपुर जिले के बक्सा निवासी आनंद कुमार पांडेय की तहरीर पर बुधवार को रामगढ़ताल थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने सलाह दी है कि इस तरह की हरकत करने वाले क्षेत्र में कहीं दिखें तो पुलिस को सूचना दें, इसके बाद तत्काल कार्रवाई की जाएगी। रामगढ़ताल इलाके के भरवलिया में महिलाओं और लड़कियों को देखकर फब्तियां कसने और अश्लील गाना गाने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भरवलिया के अंकित कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने अश्लील हरकत और गंदे गाकर लोगों को परेशान करने की धारा 296 के अंतर्गत चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया। जानकारी के मुताबिक, जौनपुर जिले के बक्सा निवासी आनंद कुमार पांडेय की तहरीर पर बुधवार को रामगढ़ताल थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को बुधवार को ही सूचना मिली कि भरवलिया शिव मंदिर के पास अंकित कुमार नाम का युवक राह से गुजरने वाली महिलाओं और लड़कियों को देखकर फब्तियां कस रहा है, गंदे गाने गाकर अश्लीलता फैला रहा है। इससे महिलाओं और लड़कियों को उधर से गुजरने में परेशानी हो रही है। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी अंकित को पकड़ लिया। पुलिस को देखकर अंकित माफी मांगने लगा। आगे ऐसी गलती नहीं करने की बात कहने लगा। रामगढ़ताल थाना प्रभारी चितवन कुमार ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

### कोचिंग से लौट रही छात्रा से दबंगों ने की छेड़खानी

● पदमावत मीडिया

**मुरादाबाद।** कटघर क्षेत्र में कोचिंग से लौट रही छात्रा से दबंगों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की और धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से इसकी शिकायत की है। कटघर क्षेत्र में कोचिंग से घर लौट रही एक छात्रा के साथ दबंगों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं पुलिस ने आपसी रंजिश का मामला बताया। कटघर क्षेत्र निवासी युवती ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि 17 फरवरी की दोपहर वह कोचिंग से घर लौट रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और कपड़े फाड़ दिए। छेड़खानी करने में मोहल्ले के रहने वाले दो सगे भाइयों सहित चार लोग शामिल हैं। आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसएसपी ने सीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्टस प्रतियोगिता-2025



● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा झीलों की सुन्दर नगरी भोपाल स्थित बड़ी झील में 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्टस प्रतियोगिता दिनांक 17 से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित कराई जा रही है।

प्रतियोगिता के चौथे दिन रोइंग महिला एवं पुरूष वर्ग के 500 मीटर सिंगल स्कल, डबल स्कल, कॉक्सलेस पेयर, कॉक्सलेस फोर के हिट्स, रेपेचार्ज 2 फायनल जो कि महिला वर्ग की कॉक्सलेस पेयर व डबल स्कल के फायनल सम्पन्न कराये गये।

दिनांक 20.02.2025 को सम्पन्न हुये रोइंग इवेन्टस में महिला वर्ग में 32, पुरूष वर्ग में 52 कुल 84 खिलाड़ियों ने 08 इवेन्टस की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपने-अपने प्रदेश व टीम के लिये पदक अर्जित कर नाम रोशन किया।

आज सम्पन्न हुये फायनल पदक अलंक समारोह के विशेष अतिथि
श्री कैलाश मकवाणा (पुलिस महानिदेशक)
श्री राकेश गुप्ता (अति0 पुलिस महानिदेशक)
श्री अनिल कुमार (अति0 पुलिस महानिदेशक)
सुश्री सोनाली मिश्रा (अति0 पुलिस महानिदेशक)
श्री योगेश चौधरी (अति0 पुलिस महानिदेशक)

विशेष अतिथियों द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। रोइंग 500 मीटर कॉक्सलेस पेयर व डबल स्कल महिला वर्ग के परिणाम इस प्रकार है :- कल दिनांक 21.02.2025 को रोइंग 500 मीटर के शेष फायनल आयोजित सम्पन्न कराये जायेंगे, तत्पश्चात कयाकिंग एवं केनोइंग 200 मीटर महिला एवं पुरूष वर्ग के-1, के-2, के-4, सी-1, सी-2, सी-4 के हिट्स, सेमीफायनल एवं फायनल सम्पन्न कराये जायेंगे। माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल महोदय के मुख्य आतिथ्य एवं माननीय श्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग के विशिष्ट आतिथ्य के साथ ही पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा एवं ऑल इण्डिया पुलिस स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

# ज्वेलरी शॉप पर चोरी का प्रयास, पड़ोसी के शोर मचाने पर भागे चोर



● पदमावत मीडिया

**कानपुर एजेंसी।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी शॉप पर चोरी का असफल प्रयास किया गया है। पड़ोसी के शोर मचाने पर चोर फरार हो गए थे। हालांकि, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। कानपुर में महाराजपुर के रूमा स्थित मां गौरी ज्वेलर्स पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया है। वारदात को अंजाम देने के लिए चोर पड़ोसी की सीढ़ियों से चढ़े थे। इसके बाद जंगला काटकर छत से अंदर घुसे थे। इस दौरान तो?फोड़ की आवाज सुनकर प?ोसी धर्मवीर कुशवाहा जाग गए। उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिससे अन्य पडोसी भी जाग गए। इससे चोर घबराकर भाग निकले। इसके बाद लोगों ने ज्वेलर्स शॉप के मालिक को सूचना दी। वहीं, चोरों के भागने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक संदिग्ध कार पकड़ी है। साथ ही,कुछ लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी घटना की जानकारी ली है। साथ ही, पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के लिए कहा है।

### चिन्हित अभियोग में गैंगस्टर एक्ट में दोषी को दो साल की सजा, 5,000 रुपये का जुर्माना



● पदमावत मीडिया

**वाराणसी एजेंसी।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) / एएसजे-13, वाराणसी ने गैंगस्टर के दोषी को दो साल की सजा सुनाई गई और इसके साथ ही पांच हजार रूपया जुर्माना भी लगाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस की प्रभावी पैरवी के कारण ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित अभियोग में ये सफलता प्राप्त हुई। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) / एएसजे-13, वाराणसी ने अभियुक्त तेज बहादुर को दो वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। बताते चलें कि पुलिस उपायुक्त, गोमती जोन, वाराणसी के अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित अभियोग में सशक्त पैरवी की गई। इस मामले में अभियुक्त तेज बहादुर उर्फ बहादुर पुत्र बुद्धू राजभर, निवासी बीसईपुर, थाना बड़ागांव के खिलाफ मुकदमा संख्या 0630/2009, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

# छह साल की बच्ची से दरिंदगी की कोशिश



● पदमावत मीडिया

**मेरठ एजेंसी।** इंचौली थानाक्षेत्र में घर के बाहर खेल रही बच्ची को आरोपी पुष्पेंद्र बहलाकर ले गया। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया और सख्त कार्रवाई की मांग की। इंचौली थाना क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय मासूम बच्ची से मंगलवार शाम आरोपी पुष्पेंद्र ने टॉफी देने के बहाने दरिंदगी की कोशिश की। बच्ची की छोटी बहन ने परिजन को जानकारी दी। परिजन पहुंचे तो आरोपी उन्हें धक्का देकर भाग गया। बाद में लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इंचौली क्षेत्र में एक परिवार रहता और मजदूरी करता है। परिजनों के अनुसार मंगलवार शाम उनकी दो बेटियां घर के बाहर खेल रहीं थी। तभी अरोपी पुष्पेंद्र उनकी छह वर्षीय बेटी को टॉफी देने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर ले गया। आरोपी ने बच्ची से दरिंदगी की कोशिश की तो वह रोने लगी। बड़ी बहन की आवाज सुनकर उसकी चार साल की छोटी बहन घर पहुंची और परिजन को जानकारी दे दी। बच्ची की बुआ दौड़कर मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाया। इसी दौरान आरोपी पीड़िता की बुआ को धक्का देकर भाग गया। रात में पीड़िता के परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे। वहां आरोपी के भाइयों ने पीड़ितों से अभद्रता की। बच्ची के पिता ने इंचौली थाने में तहरीर दी। पुलिस आरोपी के भाई को हिरासत में लेकर आ गई। थोड़ी देर बाद ही कुछ लोग पुष्पेंद्र को थाने लेकर आ गए और पुलिस को सौंप दिया। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा था। बच्ची और आरोपी अलग-अलग समुदाय से है। बुधवार सुबह कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग इंचौली थाने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि बच्ची के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 75 और पॉक्सो की धारा 7 व 8 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### फ्लैट में लगी भीषण आग, बुझाने में एफएसओ और तीन दमकल कर्मी झुलसे, कई लोग फंसे



● पदमावत मीडिया

**लखनऊ एजेंसी।** सरोजनीनगर में फ्लैट में भीषण आग लग गई। बुझाने में एफएसओ और तीन दमकल कर्मी झुलस गए। अंदर कई लोग फंसे हैं। जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर में बृहस्पतिवार को रिपब्लिक सोसायटी अपार्टमेंट के चौथे तल पर बने फ्लैट संख्या 401 में आग लग गई। फ्लैट में कई लोग फंस गए। लोग मदद के लिए चीखने चिल्लाने लगे। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पर एफएसओ सरोजनीनगर सुमति जादौन तीन गाड़ियों के साथ टीम सहित मौके पर पहुंचे। टीम आग बुझाने में जुट गई। फ्लैट में फंसे लोगों को बचाने के दौरान एफएसओ सरोजनीनगर व तीन दमकल कर्मी झुलस गए। आनन-फानन चारों को पुलिस ने निजी अस्पतला पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### एरिजोना में दो छोटे विमानों में टक्कर होने से दो व्यक्तियों की मौतः अधिकारी



● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन एजेंसी।** एक छोटे हवाई अड्डे पर यह हादसा हुआ और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले की जांच कर रहा है। मराना पुलिस विभाग ने दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद दो व्यक्तियों की मौत होने की पुष्टि की है। अमेरिका के दक्षिणी एरिजोना में दो छोटे विमानों के बीच हुई टक्कर में कम से कम दो व्यक्तियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद दो व्यक्तियों की मौत होने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि टक्सन के बाहरी इलाके में एक छोटे हवाई अड्डे पर यह हादसा हुआ और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले की जांच कर रहा है। मराना पुलिस विभाग ने दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद दो व्यक्तियों की मौत होने की पुष्टि की है।

# पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का तीन दिवसीय उत्सव 28 फरवरी से

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा शिल्पग्राम में बसंत ऋतु के स्वागत में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'ऋतु वसंत' का आयोजन 28 फरवरी से 2 मार्च तक किया जाएगा। इस आयोजन में शास्त्रीय संगीत और नृत्य की नामचीन हस्तियां अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार 28 फरवरी को जोधपुर के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं. राजेन्द्र वैष्णव के सुरों से होगा। इसके बाद पुणे की ख्याति प्राप्त कथक गुरु शमा भाटे अपने समूह के साथ कथक की उत्कृष्ट प्रस्तुति देंगी। शमा भाटे, जिन्हें 'शमा ताई' के नाम से भी जाना जाता है, कथक नृत्य के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। वे वर्षों से कथक की पारंपरिक व समकालीन शैलियों में गहन शोध और प्रशिक्षण दे रही हैं। दूसरे दिन, शनिवार 1 मार्च को, गोवा के प्रख्यात शास्त्रीय गायक डॉ. प्रवीण गांवकर अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्हें तबले पर रोहिदास परब, हारमोनियम पर सुभाष फतेरपेकर, और सारंगी पर वसीम खान का साथ मिलेगा। इसके बाद, अमित गंगानी एवं उनका समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति देगा। अंतिम दिन, रविवार 2 मार्च को, जयपुर के प्रसिद्ध गायक मो. अमान खान शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात, दिल्ली की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना कनक सुधाकर एवं उनके दल द्वारा भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति 'आनंद नाट्यम' दी जाएगी। 'आनंद नाट्यम' गुरु कनक सुधाकर और उनकी वरिष्ठ शिष्याओं अपराजिता, श्रुतिका, उपासना, प्रहरिणी, सारद्युति, अनन्याश्री, अरुणिमा और गरिमा द्वारा नई दिल्ली में सुनैना समूह द्वारा प्रस्तुत एक समूह भरतनाट्यम प्रदर्शन है जो वसंत ऋतु की खुशी को दर्शाता है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7 बजे से शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर होगा। इसमें आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा। 'ऋतु वसंत' उत्सव, संगीत और नृत्य प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत का जीवंत अनुभव प्रदान करेगा। इस सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेने वाले कलाकार अपने-अपने क्षेत्र के जाने-माने नाम हैं। पं. राजेन्द्र वैष्णव जोधपुर के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक हैं, जो अपनी गहरी गायकी और उत्कृष्ट आलापचार के लिए पहचाने जाते हैं। पुणे की कथक गुरु शमा भाटे कथक की परंपरा को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करने के लिए जानी जाती हैं। गोवा के डॉ. प्रवीण गांवकर शास्त्रीय संगीत में अपनी विशिष्ट शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। जयपुर के मो. अमान खान शास्त्रीय गायन की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले प्रतिभाशाली कलाकार हैं। दिल्ली की कनक सुधाकर भरतनाट्यम की प्रतिष्ठित नृत्यांगना हैं, जो अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और तकनीकी दक्षता के लिए जानी जाती हैं। अमित गंगानी एक कुशल कथक नर्तक हैं, जो अपनी ऊर्जा और ताल पर गहरी पकड़ के लिए प्रसिद्ध हैं।



## बांसवाड़ा जिले में थाना कसारवाडी पुलिस की कार्रवाई

# गौ हत्या कर खेत में काट रहे थे मांस, एक आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा ।** जिले की कसारवाडी थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर थाना क्षेत्र के गोयका बारिया गांव में दबिश देकर एक गौवंश की हत्या कर खेत में मांस काट रहे आरोपी रहेश बारीया पुत्र जेमा बारीया उम्र 29 साल निवासी गोयका बारीया को गिरफ्तार किया है। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए गम्भीर प्रकृति के प्रकरणो मे आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ राजेश भारतवाज व वृत्ताधिकारी कुशलगढ श्याम सिंह चारण के सुपरविजन टीम गठित की गई है। इसी क्रम में थानाधिकारी कसारवाडी नरेन्द्र सिंह शक्तावत को मुखबिर से मिली सूचना पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि गांव गोयका बारीया ग्राम पंचायत जालिमपुरा में जैमा पुत्र केरहींग बारीया अपने खेत में गोवंश की हत्या कर गौ मांस काट रहा है। सूचना पर पुलिस ने तुरंत गांव पहुंच आरोपी के खेत पर दबिश दी। खेत में बने कुंए के पास कुछ व्यक्ति मांस के टुकडे कर रहे थे। पुलिस को देख मौके से भागने लगे। पीछा कर आरोपी रहेश बारीया को पुलिस ने पकड़ लिया।




आरोपी ने खेत अपने पिता जेमा को होना बताया। अन्य व्यक्ति रात का समय व स्थानीय भौगोलिक स्थिति का फायदा उठा मौके से भागने मे सफले रहे। मौके पर एक काले तिरपाल पर गौमांस के टुकडे, खुन व पैर (खुर), अन्य अवशेष तथा मांस के टुकडे करने मे प्रयुक्त हथियार पडे थे। मामले में राजस्थान गौवंशीय पशु अधिनियम-1995 में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी संभावित जगह दबिश देकर तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में एसएचओ नरेन्द्र सिंह सहित एएसआई धर्मेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल दिव्यजीत सिंह, शांति लाल, बदामी लाल, कांस्टेबल मदन लाल, दिनेश चन्द्र, जनक व कांस्टेबल ड्राइवर कांति लाल शामिल थे।

## चार वर्षों से अटका श्रमिक कार्ड मिला तो टेमू देवी की खुशी का नहीं रहा ठिकाना



● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में सभी विभागों द्वारा योजनाओं में अधिकाधिक पात्र एवं वंचित लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।जिला कलक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग ने चार वर्षों से अटका श्रमिक कार्ड जारी किया तो टेमू देवी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राइका ने बताया कि टेमू देवी पत्नी भगवान सिंह निवासी नंदावत निवासी टोगी उपखंड भीम द्वारा वर्ष 2020 में निर्माण श्रमिक कार्ड हेतु आवेदन किया था लेकिन विभिन्न दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदन वर्ष 2022 में निरस्त हो गया था। जिला स्तरीय जनसुनवाई में टेमू देवी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निरस्त श्रमिक कार्ड को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया जिस पर जिला कलेक्टर ने श्रम कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि अविलंब श्रमिक का श्रमिक कार्ड जारी किया जाए जिसकी अनुपलाना में श्रम विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्माण श्रमिक टेमू देवी का श्रमिक कार्ड स्वीकृत किया जिसे जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में लाभार्थी को प्रदान किया।

# आरपीएससी- आयोग ने जारी किया राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का परिणाम

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 का परिणाम जारी किया गया। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 2 फरवरी 2025 को उक्त परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के परिणाम स्वरूप 21539 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए है।न्यायालय में कतिपय याचिका विचाराधीन होने के कारण 2 अभ्यर्थियों का परिणाम सील्ड कवर मैं रखा गया है। मुख्य परीक्षा हेतु अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों में से यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन/नियमों के अनुसार निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो आयोग किसी भी स्तर पर उसकी अभ्यर्थिता/पात्रता को निरस्त कर देगा।आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त भर्ती के अंतर्गत मुख्य परीक्षा का आयोजन 17 से 18 जून 2025 तक किया जाना प्रस्तावित है।10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन न करने के कारण 1680 अभ्यर्थी अयोग्य घोषितउक्त परीक्षा के जारी किए गए विस्तृत विज्ञापन के अन्तर्गत ओ. एम.आर. उत्तरपत्रक में प्रश्नों के विकल्प भरने के सम्बन्ध में विशेष निर्देश के बिन्दु संख्या 5 तथा प्रश्न-पत्र में उल्लेखित परीक्षार्थियों के लिए निर्देश के बिन्दु संख्या 11 के अनुसार किसी परीक्षार्थी द्वारा 10 प्रतिशत अर्थात् 15 से अधिक प्रश्नों में 05 विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करने के कारण 1680 अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा हेतु अयोग्य घोषित किया गया है।उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा वस्तुनिष्ठ भर्ती परीक्षाओं में प्रत्येक प्रश्न का पांचवा विकल्प दिया जाता है। इसमें यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहे तो उसे पांचवे विकल्प ''अनुतरित प्रश्न'' का चयन कर ओएमआर शीट पर गोले को भरना होता है। किसी भी विकल्प का चयन न करने पर प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटने तथा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प का चयन न करने पर अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का प्रावधान भी आयोग द्वारा किया गया है।

### राज्य सेवाएं के 428 एवं अधीनस्थ सेवाओं के 668 पद

दिनांक 2 सितंबर 2024 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के कुल 733 पदों हेतु विज्ञापन संख्या 13/2024-25 जारी किया गया था। कार्मिक विभाग से 363 पद और प्राप्त होने पर अब इस भर्ती के अंतर्गत पदों की कुल संख्या 1096 हो गई है। इससे राज्य सेवाएं के 428 पद एवं अधीनस्थ सेवाओं के 668 पद हो गए है। पदों के नवीन वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 21/2024-25 दिनांक 17 फरवरी 2025 को जारी किया गया था।

## अनूपगढ़ के 90 जीबी में एसीबी की कार्रवाई

### सुरक्षा गार्ड 5 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार, पीएम आवास योजना की किश्त जारी करने के एवज में मांगी थी रकम

● पदमावत मीडिया



**अनूपगढ ।** अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 90 जीबी में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने ग्राम पंचायत के सुरक्षा गार्ड राजकुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना में 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। राजकुमार ने एक व्यक्ति से प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी करवाने के लिए 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत 18 फरवरी 2025 को एसीबी से की। शिकायत में बताया गया कि सुरक्षा गार्ड ग्राम विकास अधिकारी और एलडीसी के लिए यह रिश्वत मांग रहा था। श्रीगंगानगर एसीबी के डीएसपी वेद प्रकाश लखोटिया के अनुसार, शिकायत के सत्यापन के बाद गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे कार्रवाई की गई। एसीबी की टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की।एसीबी अधिकारियों ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी और एलडीसी से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायत के कंप्यूटर में रिकॉर्ड की जांच चल रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध हथियारों के विरुद्ध चुरू जिले में थाना सुजानगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई

# दो अवैध देशी पिस्टल सहित दो आरोपी भाई गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**चुरू ।** जिले में अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना सुजानगढ़ सदर पुलिस ने दो आरोपियों सुनील कुमार सांसी पुत्र रमेश कुमार (22) निवासी लोढसर हाल करावल नगर दिल्ली और उसके भाई अनिल सांसी (24) निवासी लोढसर को गिरफ्तार कर दो अवैध देशी पिस्टल जप्त किए हैं। एसपी जय यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ दरजाराम बोस के सुपरविजन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरुवार को एसएचओ पुष्पेंद्र झाझडिया के नेतृत्व में दो अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा यह कार्रवाई की गई। नेशनल हाईवे पर इंडियन ऑयल पंप के पास नाकाबंदी के दौरान उप निरीक्षक गोपाल सिंह मय टीम द्वारा आरोपी सुनील कुमार सांसी को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की। दूसरी कार्रवाई में एएसआई तनसुख राम मय टीम द्वारा सर्विस रोड लोढसर पुलिया के नीचे से आरोपी अनिल सांसी को भी अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिन्हें कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इस कार्रवाई में कांस्टेबल प्रेमाराम की विशेष भूमिका रही।



## अलवर जिले में थाना बगड़ तिराहा पुलिस की कार्रवाई

### साइबर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य दो मोबाइल मय तीन सिम सहित गिरफ्तार




● पदमावत मीडिया

**अलवर।** जिले की थाना बगड़ तिराहा पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य असलम खान पुत्र छूटमल खान मेव उम्र 30 साल निवासी अलघानी थाना सीकरी जिला डीग को गिरफ्तार कर उसके पास से साइबर ठगी में प्रयुक्त दो मोबाइल व 3 सिम जप्त किए हैं। जिनमें ठगी से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया पर वीडियो चैट कर अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करता है। एसपी संजीव नैन ने बताया कि जिले में ऑनलाईन ठगी, सैक्सटार्शन, ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह व पुलिस उपाधीक्षक मुकेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर साईबर फ्राड प्रभावित गांवों में दबिश दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ थाना बगड़ तिराहा मय टीम द्वारा आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों की सहायता से गांव बलवन्डका में दबिश देकर ऑनलाइन साइबर ठगी करते सेक्सटॉर्शन करने वाले गिरोह के सदस्य असलम खां को गिरफ्तार किया गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी से अनुसंधान जारी है। आरोपी और इस गिरोह के अन्य सदस्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, वाट्सअप पर लड़की बनकर चैट करते है। इस दौरान पीड़ित का अश्लील वीडियो बना उसको वायरल करने की धमकी देकर रूपये ऐंठते है। इस कार्रवाई में एसएचओ सहित एएसआई राजेश कुमार, कांस्टेबल निजामुद्दीन, तस्लीम पवन कुमार, केदार कुमार एवं रमेश चन्द शामिल थे।

## शिक्षा विभागः शासन सचिव ने दिए बजट घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश

# राजस्थान बजट 2025-26 में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित घोषणाओं की रूपरेखा पर हुई चर्चा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित हुई, जिसमें राजस्थान बजट 2025-26 के तहत स्कूल शिक्षा विभाग की घोषणाओं पर चर्चा की गई। शासन सचिव ने संबंधित विभागों को शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि सभी घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने संबंधित कार्यालयों को आवश्यक अनुमोदन के बाद स्वीकृतियों को श्रेणीवार संबंधित विभागों तक तत्काल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिर्जेवाला-श्रीगंगानगर जिले में सैनिक स्कूल तथा जयपुर, अलवर, बीकानेर, जैसलमेर एवं कोटा में बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना की जल्द क्रियान्विति पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है। शासन सचिव ने कहा कि बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाना आवश्यक है, इसलिए यह अपेक्षित है कि सभी संबंधित विभाग इस उद्देश्य के लिए तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने सक्षम अनुमोदन के बाद सभी स्वीकृतियों को संबंधित विभागों को श्रेणीवार भेजना निश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उक्त घोषणाओं को ए, बी एवं सी श्रेणी में विभाजित किया गया है। श्रेणी ए में ऐसे मुद्दों को शामिल किया गया है जिनमें कोई वित्तीय निहितार्थ नहीं है और केवल प्रशासनिक आदेश जारी किए जाने हैं/या विधानमंडल के कार्य आरंभ किए जाने की आवश्यकता है। यह कार्य बिना किसी देरी के तुरंत किया जा सकता है। श्रेणी बी में ऐसे मुद्दे, जिनमें कोई वित्तीय निहितार्थ नहीं है और वित्त विभाग/डीओपी की सहमति आवश्यक है- ऐसे मामलों को जल्द से जल्द (एक पखवाड़े के भीतर) फाइल पर भेजा जा सकता है। श्रेणी सी में विशिष्ट प्रस्ताव यथाशीघ्र (15 दिनों के भीतर) वित्त (व्यय) विभाग को भेजा जाना है। इस मौके पर मिड डे मील आयुक्त श्री विश्व मोहन शर्मा, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त श्रीमती अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री आशीष मोदी, संयुक्त शासन सचिव श्री मनीष गोयल एवं विशेषाधिकारी श्री बी.के. गुप्ता सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहे।



## साहित्यकार आशा पाण्डेय ओझा की तीन कृतियों का विमोचन 21 को

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** ख्यातनाम साहित्यकार आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' की तीन बाल साहित्या कृतियां 'खेल-खेल में सीखें', 'चलो चले हम गांव' व 'चिड़िया आती आंगन में' का विमोचन शुक्रवार 21 फरवरी को अपराह्न 3 बजे राजस्थान साहित्य अकादमी के पुस्तकालय भवन में होगा। राजस्थान साहित्य अकादमी व अखिल भारतीय साहित्य परिषद उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल साहित्यकार व बाल वाटिका पत्रिका भीलवाड़ा के संपादक डॉ. भेरूलाल गर्ग करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त व राजस्थान साहित्य अकादमी की प्रशासक प्रज्ञा केवलरमानी होंगी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देव कोठारी, बच्चों का देश पत्रिका राजसमंद के प्रधान संपादक संचय जैन व डूंगरपुर के वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश पांचाल होंगे।विमोचन पश्चात तीनों पुस्तकों पर परिचर्चा कार्यक्रम जिसमें विभिन्न शिक्षाविद् व साहित्यकार समीक्षा करेंगे। इसके तहत पुस्तक 'खेल-खेल में सीखें', पर समीक्षा डॉ. कुंजन आचार्य, तरूण दाधीच व डॉ. चंद्रकांता बंसल करेंगे। वहीं पुस्तक 'चलो चले हम गांव' की समीक्षा श्रीमती स्वाति शंकुत, डॉ. कामिनी व्यास रावल व श्रीमती शकुंतला पालीवाल और पुस्तक 'चिड़िया आती आंगन में' पर समीक्षा डॉ. कृष्ण बिहारी पाठक, शिवदान सिंह जोलावाल व श्रीमती सुनीता निमिष करेंगे। गीत प्रस्तोता डॉ. प्रियंका भट्ट व डॉ. उपवन पंड्या होंगे। संचालन विजय मारू व कपिल पालीवाल करेंगे।

## खेल संघ व खिलाड़ियों ने जताया सीएम, डिप्टी सीएम व अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार

# राजस्थान सरकार ने बजट में लेकसिटी को दी लेक्रोज अकादमी की सौगात

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य सरकार ने बजट में उदयपुर को लेक्रोज अकादमी का आवंटन कर स्थानीय ग्रामीण व जनजाति प्रतिभाओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है जिससे वे अपने खेल कौशल को निखार उच्चतम मुकाम हासिल कर सकें। इस उपलब्धि के लिए लेक्रोज एसोसिएशन ऑफ इंडिया, राजस्थान लेक्रोज संघ उदयपुर लेक्रोज संघ के पदाधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षक सहित खेलप्रेमियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्तमंत्री दिया कुमारी, खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, मेवाड क्षेत्र के सांसद, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, वनवासी कल्याण परिषद,आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी का आभार व्यक्त किया है। प्रशिक्षक नीरज बत्रा ने बताया कि उदयपुर में लेक्रोज एकेडमी खुलने से नई पीढ़ी को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ उचित मानक के इक्यूपमेंट, डाइट एवं प्रतियोगिता अनुरूप सुविधाएं भी मुहैया होंगी जिससे खिलाड़ियों को इस खेल में अपने कौशल को सुधारते हुए उत्तरोत्तर बेहतर करने का अवसर मिलेगा। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में लैक्रोस खेला जाना है इसके लिए स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी उम्मीद की किरण जागी है कि वे दुनिया भर में भारत का नाम रोशन करने का सपना पूरा कर सकें । बत्रा के अनुसार भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मानगढ़ में भारतीय टीम में सम्मिलित महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियां को सराहा एवं भारतीय टीम की कप्तान सुनीता मीणा को प्रथम आदि गौरव खेल रत्न से कथा राजश्री गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल ने सम्मानित किया, वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर में राजस्थान सरकार की उपलब्धियों के एक वर्ष पूर्ण होने पर एशियाई रजत पदक विजेता लेक्रोज खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी उपलब्धियां को सराह प्रोत्साहित किया था साथ ही बांसवाडा में लेक्रोज के जनजाति खिलाड़ी डाली गमेती व मोहनलाल गमेती को सम्मानित किया।




प्रशिक्षक बत्रा ने बताया कि मुख्यतः लेटिन अमेरिकी खेल लेक्रोज में मेवाड़ अंचल ने सात महिला तथा तीन पुरुष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सौगात भारत को दी है जिसके चलते जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की अनुशंसा से उदयपुर की उदीयमान प्रतिभाओं को समुचित प्रशिक्षण द्वारा अपने सपने पूरे करने के लिए पंख फैलाने का अवसर प्रदान किया है। उदयपुर से प्रशिक्षक नीरज बत्रा द्वारा प्रशिक्षित सुनीता मीणा, डाली गमेती, मीरा दौजा, जुला कुमारी गुर्जर, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी महिला वर्ग में और मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती एवं प्रणय त्रिपाठी पुरूष वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बिखेर रहे हैं, महिला टीम ने समरकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित हुई एशियाई प्रतियोगिता में रजत पदक जीता जिसमें कप्तान सुनीता मीणा 22 गोलकर सर्वश्रेष्ठ स्कोर रही वहीं पुरुष खिलाड़ी जापान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। बत्रा के अनुसार हाल ही में उदयपुर में आयोजित हुई सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के महिला व पुरुष दोनों वर्गों के स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया तथा सब जूनियर वर्ग में बालक व बालिका दोनों ही टीम ने रजत पदक जीता, उससे पूर्व फेडरेशन कप में भी राजस्थान की पुरुषों व महिला दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक जीत वर्चस्व बनाया।

अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम राष्ट्रीय जुनियर प्रतियोगिता की बालक व बालिका टीम ने स्वर्ण एवं द्वितीय राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में बालिका टीम ने स्वर्ण तथा बालकों ने कांस्य पदक जीता था। राजस्थान ने विभिन्न वर्गों की अब तक हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 14 स्पर्धाओं में से आठ में स्वर्ण, दो में रजत तथा एक कांस्य पदक जीत वर्चस्व बनाया है स राजस्थान टीम में अधिकांशतः खिलाड़ी उदयपुर के जनजाति क्षेत्र के खिलाड़ी हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।